आईआईएम • यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम की शुरुआत, इनोग्रेशन सेरेमनी में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा हुए शामिल

पहले बैच में देशभर के 100 विद्यार्थी लाइव केस स्टडी से ग्रामीणों की समस्याओं को समझेंगे, फिर बताएंगे समाधान

सिटी रिपोर्टर | रांची

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, आईआईएम रांची में यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम की शुरूआत की गई। यह तीन दिवसीय प्रोग्राम है। इसमें रूरल इमर्शन बूटकैंप होगा। जिसमें झारखंड सहित देशभर के छात्र ग्रामीण चुनौतियों व समस्याओं को समझेंगे व उसका व्यवहारिक समाधान निकालेंगे। इसके इनोग्रेशन सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, संस्थान के डायरेक्टर दीपक श्रीवास्तव, प्रो. प्रदीप बाला आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत गांव में बसता है, ऐसे में यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम ग्रामीण जीवन को समझने का अच्छा प्रयास है। जहां विद्यार्थी गांव की समस्याओं को समझेंगे व समाधान ढूढेंगे। संस्थान की ओर से रूरल डेवलपमेंट, ट्राइबल डेवलपमेंट का काम कर रही है, यह सराहनीय है।

चीफ जस्टिस बोले-यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम ग्रामीण जीवन को समझने का अच्छा प्रयास

संबोधित करते चीफ जस्टिस संजय मिश्रा

प्रकृति के साथ जुड़ने का मौका

दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि पहली बार इस प्रकार का प्रोग्राम शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य समाज के साथ, लोगों के साथ, प्रकृति के साथ जुड़ने के लिए बढ़ावा देना है।

100 विद्यार्थी ले रहे भाग, मिलेगी एक्सपीरियंस लर्निंग

इस प्रोग्राम में देश के विभिन्न राज्यों से 10वीं से 12वीं क्लास में पढ़ने वाले 100 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। इसके पहले दिन ओरिएंटेशन हुआ। जिसमें 6 सेशन हुए। इसमें छात्रों को बदलाव लाने के बोर, सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के बारे में बताया गया। उन्हें डिजाइन थिंकिंग के बारे में बताया गया। जिससे समस्या को दूर करने के लिए डिजाइन तैयार कर सकें।

आज करेंगे रासाबेड़ा गांव का दौरा, समझेंगे लाइव केस स्टडी

इस प्रोग्राम के तहत दूसरे दिन यानि शनिवार को सभी छात्रों को 20 ग्रुप में बांट कर अनगड़ा स्थित रासाबेड़ा गांव ले जाया जाएगा। जिसमें छात्रों को लाइव केस स्टडी के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं व अन्य चीजों को समझेंगे। वहीं तीसरे दिन छात्र सामाजिक मुद्दों के लिए व्यवहारिक समाधान खोजने पर प्रोफेसरों के साथ काम काम करेंगे। इस प्रोग्राम के माध्यम से छात्रों को एक्सपीरियंस लर्निंग प्राप्त होगी।

Dainik Bhaskar_27.05.2023_Pg. 02